पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की</u>

लखनऊ 11 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज पं0 दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर के0के0सी0 स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय वाटिका जाकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने जीवन में अनुशासन का आदर्श निर्माण किया। पं0 दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि 'जिस रास्ते से चलेंगे सबके लिए राह बनेंगे।' उनकी इस उक्ति को यथार्थ में बदलें। पं0 दीनदयाल उपाध्याय के आचार एवं विचार को व्यवहार में लाने का संकल्प करें, यही उनकी प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए उनके दिखाये मार्ग पर चलना होगा।

इस अवसर पर महापौर लखनऊ डॉ0 दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी डॉ0 लक्ष्मीकांत बाजपेयी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन(54/13)